माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, UTTAR PRADESH
Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं. : माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/178 **दिनांकः 14-03-2026**

सेवा में ,
प्राचार्य /प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय ,
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय , बलरामपुर ।

विषय :- प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए बाह्य एवं आन्तरिक अंकों को पूरित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के सापेक्ष प्रायोगिक परीक्षा के बाह्य एवं आन्तरिक अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल दिनांक 15-03-2026 से 23-03-2026 तक के लिए खोला जा रहा है । अंकों को पूरित करने के निर्देश हेतु फ्लो चार्ट इस पत्र के साथ संलग्न है। साथ ही यह भी अवगत कराना है उक्त हेतु पोर्टल लिंक , यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड महाविद्यालय के ई-मेल पर पृथक से प्रेषित किया गया है ।

अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त समयावधि में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए अंकों को पोर्टल पर पूरित कर शीलबंद हार्डकापी अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 24-03-2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । जिन छात्रों को 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे , उनकी विडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकापी प्रस्तुत करना होगा ।

संलग्नक उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. कुलपति कार्यालय ,मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ
2. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक